आज का मौसम

अधिकतम 36° C
न्यूनतम 29° C
सूर्य अस्त (आज) 7:22
सूर्य उदय (कल) 5:28

दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

**अनमोल वचन**

"अगर धन दूसरों की भलाई करने में काम आए, तो इसका कुछ मूल्य है अन्यथा ये सिर्फ बुराई का एक ढेर है और इससे जल्दी छुटकारा मिल जाए, उतना बेहतर है।"

वर्ष : 13 अंक : 287 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8

रविवार
5 जुलाई 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com

## संक्षिप्त न्यूज

### उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली(एजेंसी)। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री राधाकृष्णन ने स्वामी विवेकानंद को एक महान देशभक्त और दार्शनिक बताया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने देश के शाश्वत ज्ञान को विश्व तक पहुंचाया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की संस्कृति, आध्यात्मिकता और राष्ट्रीय चेतना को वैश्विक मान्यता दिलाने में स्वामी विवेकानंद का योगदान अतुलनीय है। श्री मोदी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की बुद्धि और प्रेरणादायक विचार लाखों युवाओं का मार्गदर्शन करते रहेंगे और उनकी आध्यात्मिक शिक्षाएं विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में देश को नई दिशा प्रदान करती रहेंगी।गृह मंत्री ने कहा, "विश्व को वेदांत, दर्शन और भारतीय ज्ञान परंपरा से पुनः परिचित कराने वाले स्वामी विवेकानंद जी ने युवाओं में चरित्र निर्माण और राष्ट्रभक्ति की अलख जगाई। उन्होंने देश के कोने-कोने में सांस्कृतिक पुनर्जागरण का शंखनाद किया और रामकृष्ण मिशन की स्थापना कर अध्यात्म व सेवा को संगठित स्वरूप प्रदान किया। उनके विचार और आदर्श युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देते रहेंगे।"

## राम मंदिर के बाद बद्रीनाथ धाम में दान-चढ़ावे में हेर-फेर का आरोप, बीकेटीसी ने दिए जांच के आदेश

जीत समाचार देहरादून(ब्यूरों)। राम मंदिर में दान चोरी के मामले की गूंज अभी थमी भी नहीं थी कि अब विश्व प्रसिद्ध बद्रीनाथ धाम से जुड़ी एक चिंताजनक खबर सामने आ रही है। सोशल मीडिया पर एक पत्र तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें बद्रीनाथ धाम में चढ़ावे की रकम में हेरफेर किए जाने का गंभीर आरोप लगाया गया है। इस दावे के सामने आने के बाद बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति में हड़कंप मच गया है।



**समिति ने गठित की जांच टीम :** मामले की गंभीरता को देखते हुए बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने तत्काल प्रभाव से जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मंदिर समिति इन आरोपों को अत्यंत गंभीरता से ले रही है। मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और तथ्यपरक जांच के लिए एक विशेष जांच समिति का गठन किया गया है। इसके साथ ही, विवादों में आए कर्मचारियों से इस संबंध में स्पष्टीकरण भी मांगा गया है।

**अध्यक्ष ने किया दावों का खंडन :** सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे दावों का खंडन करते हुए बीकेटीसी अध्यक्ष ने एक महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण दिया है। उन्होंने उन आरोपों को खारिज किया जिनमें एक कर्मचारी को उनका 'निजी सचिव' बताया जा रहा था। अध्यक्ष ने साफ किया कि संबंधित व्यक्ति उनका निजी सचिव नहीं, बल्कि बीकेटीसी का एक नियमित सरकारी कर्मचारी है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जांच में कोई भी दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त विभागीय और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**सीसीटीवी फुटेज की हो रही जांच :** इस पूरे घटनाक्रम पर बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी सोहन सिंह रांगड़ ने जानकारी दी कि दो जुलाई से वायरल हो रहे इस पत्र के आधार पर मंदिर प्रशासन हरकत में आया। उन्होंने बताया कि शिकायत के बाद बद्रीनाथ मंदिर परिसर के सीसीटीवी फुटेज की प्रारंभिक जांच की गई है। हालांकि, फुटेज की गुणवत्ता उतनी स्पष्ट नहीं है, फिर भी मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए इसकी रिपोर्ट तत्काल मंदिर समिति के अध्यक्ष को सौंप दी गई है।

श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र बद्रीनाथ धाम में लगे इन आरोपों ने प्रशासन और भक्तों के बीच चिंता बढ़ा दी है। अब सभी की निगाहें गठित की गई जांच समिति की रिपोर्ट पर टिकी हैं।


## गुजरात:आतंक-रोधी दस्ते ने आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े आठ लोगों को गिरफ्तार किया



गुजरात(एजेंसी)। गुजरात में आतंकरोधी दस्ते-एटीएस ने पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। इन्हें गुजरात और मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से गिरफ्तार किया गया।

गुजरात एटीएस ने बताया कि आरोपी पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में थे और गुजरात में जैश-ए-मोहम्मद का नेटवर्क स्थापित करने और आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे थे। वे जैश-ए-मोहम्मद की विचारधारा का गुजराती में अनुवाद और प्रसार भी कर रहे थे। जांच में पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन से फंडिंग का भी खुलासा हुआ। आरोपियों को १४ दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

## प्रवर्तन निदेशालय ने एमएसटीसी लिमिटेड के माध्यम से हॉकर-800-ए विमान को तीन करोड़ रुपये में नीलाम किया



नई दिल्ली(एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एमएसटीसी लिमिटेड के माध्यम से हॉकर-800-ए विमान की नीलामी की है। विमान को तीन करोड़ रुपये में नीलाम किया गया है। निदेशालय ने एक बयान में कहा कि इस विमान को पिछले साल 7 मार्च को तलाश अभियान में जब्त किया गया था। ईडी की हैदराबाद क्षेत्रीय इकाई ने अमरदीप कुमार, कैपिटल प्रोटेक्शन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम मामले में राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से विमान को जब्त किया था। जांच में 792 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की सूचना मिली है। नीलामी से प्राप्त होने वाली राशि का इस्तेमाल वास्तविक निवेशकों को मुआवजा देने के लिए किया जाएगा। मामले की जांच जारी है।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

## जम्मू-कश्मीरः अमरनाथ यात्रा के पहले दिन 12,168 तीर्थयात्रियों ने पवित्र गुफा में किए दर्शन



जम्मू-कश्मीर(एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ यात्रा के पहले दिन 12,168 तीर्थयात्रियों ने पवित्र गुफा में दर्शन किए। रुक-रुक कर हो रही बारिश के बावजूद यात्रा की शुरुआत तड़के ही दोनों आधार शिविरों पहलगाम और बालतल से हुई। आधार शिविरों से संबंधित उपायुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों ने हरी झंडी दिखाकर पुरुष और महिला तीर्थयात्रियों सहित साधुओं को रवाना किया। तीर्थयात्रियों ने ''बम बम भोले'' के जयकारे लगाते हुए पवित्र गुफा के लिए यात्रा शुरू की। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अग्रिम पंजीकरण करने के बाद ही तीर्थयात्रा शुरू करें और अपनी निर्धारित यात्रा तिथियों का पालन करें। इसमें कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप यात्रा की सुरक्षा और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए तीर्थयात्रियों की दैनिक संख्या पर सीमा निर्धारित की गई है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि प्रत्येक पंजीकृत श्रद्धालु को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार तीर्थयात्रा करने का अवसर मिलेगा। तीर्थयात्रियों से अनुशासन बनाए रखने, सहयोग करने और यात्रा के सुरक्षित और व्यवस्थित संचालन के लिए सभी दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया गया है। दोनों मार्गों पर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है जिसमें जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा बलों के जवान यात्रा की सुरक्षा और सुचारू संचालन सुनिश्चित कर रहे हैं। 57 दिन की यह तीर्थयात्रा 28 अगस्त तक चलेगी।

## दिल्ली में 1.02 लाख से ज्यादा गणना प्रपत्र डिजिटाइज किए गए




नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अब तक 1.02 लाख से ज़्यादा गणना प्रपत्र डिजिटाइज किए जा चुके हैं। दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी के कार्यालय के अनुसार, दिल्ली में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत, लगभग 33.14 लाख फ़ॉर्म बांटे गए हैं। दिल्ली में घर-घर जाकर मतदाता सूची के लिए गणना प्रपत्र बांटने का काम अभी चल रहा है। इस प्रक्रिया के तहत, 13 हजार से ज्यादा बूथ स्तरीय अधिकारी इस महीने की 29 तारीख़ तक घर-घर जाएंगे और मौजूदा मतदाताओं का सत्यापन और अपडेट करने के लिए पहले से छपे हुए गणना प्रपत्र की दो प्रतियां देंगे। दावे और आपत्तियां 5 अगस्त से 4 सितंबर के बीच दर्ज की जा सकती हैं। अंतिम मतदाता सूची 7 अक्टूबर को जारी की जाएगी। मतदाता www-voters-eci-gov-in पर ऑनलाइन गणना प्रपत्र भर सकते हैं।

## पेरू में केइको फुजिमोरी को राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे दौर का विजेता घोषित किया गया



पेरू(एजेंसी)। में केइको फुजिमोरी को राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे दौर का विजेता घोषित किया गया है। 51 वर्षीय फुजिमोरी, पूर्व राष्ट्रपति अल्बर्टो फुजिमोरी की बेटी हैं और चौथी बार राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ रही थीं। इस महीने के अंत में पदभार ग्रहण करने पर वह पिछले 10 वर्षों में पेरू की नौवीं राष्ट्रपति बनेंगी। पेरू के सर्वोच्च चुनाव प्राधिकरण ने कल औपचारिक रूप से उनकी जीत की पुष्टि की। फुजिमोरी ने 7 जून को दूसरे दौर के चुनाव में सांचेज को हराया। पहले दौर के मतदान में दोनों उम्मीदवार 33 अन्य उम्मीदवारों से आगे रहे थे। इस बार के चुनाव में अपराध एक प्रमुख मुद्दा था। अपने चुनाव प्रचार के दौरान, फुजिमोरी ने अपराध से सख्ती से निपटने का वादा किया था।

# स्पेन और फ्रांस में कई जंगलों में आग से दक्षिणी यूरोप में सूखे की स्थिति और भी गंभीर हुई



स्पेन(एजेंसी)। स्पेन और फ्रांस के कुछ हिस्सों में रिकॉर्ड गर्मी के कारण कई जंगलों में आग लगी हुई है जिससे दक्षिणी यूरोप में सूखे की स्थिति और भी गंभीर हो गई है। स्पेन में कैटालोनिया के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के जंगल में लगी भीषण आग अभी भी बेकाबू है जिससे लगभग 2,300 हेक्टेयर भूमि की वनस्पति नष्ट हो गई है। हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। तेज हवाओं ने आग बुझाने के प्रयासों में बाधा डाली है जिससे आग तेजी से पास के एक अभ्यारण्य की ओर फैल गई है। फ्रांस, बेल्जियम और नीदरलैंड में लू के कारण तीन हजार सात सौ लोगों की मौत हुई हैं जबकि स्पेन ने गर्मी के कारण जून के अंत से अब तक एक हजार से अधिक लोगों के मरने की खबर है। अधिकारियों ने कहा है कि महाद्वीप में अत्यधिक तापमान के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

## अमरीका का 250वां स्वतंत्रता दिवस

अमरीका(एजेंसी)। अमरीका ने शनिवार को अपना 250वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। 4 जुलाई को 1776 में आज ही के दिन अमरीका ने अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की थी। उस समय अमरीका में ब्रिटेन के 13 उपनिवेशों ने ब्रिटिश शासन से अपनी स्वतंत्रता की औपचारिक घोषणा की थी।

इसे सेमी-क्विन्सेन्टेनियल या अमरीका 250 के नाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर अमरीका के अलग-अलग हिस्सों में परेड, मिलिट्री फ्लाईओवर, कॉन्सर्ट, ऐतिहासिक घटनाओं पुनः प्रदर्शित करने वाले कार्यक्रम दिखाये जायेंगे। इस अवसर पर विशेष रूप से आतिषबाजी होगी। वाशिंगटन डीसी और फिलाडेल्फिया में बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन शहरों में ही अमरीका की स्वतंत्रता की घोषणा को अपनाया गया था।

इस दिन के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने 11 लोगों की सजा माफ करने की घोषणा की है।

## ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई का छह दिवसीय राजकीय अंतिम संस्कार तेहरान में शनिवार से शुरू



ईरान(एजेंसी)। ईरान में पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई का छह दिवसीय राजकीय अंतिम संस्कार तेहरान में आज से शुरू होगा। अधिकारियों को लाखों शोक संतप्त लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। ईरान के वरिष्ठ नेताओं, सैन्य कमांडरों और विदेशी गणमान्य व्यक्तियों ने तेहरान के मोसल्ला में अयातुल्ला अली खामेनेई को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन, संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर गालिबफ, विदेश मंत्री अब्बास अराघची और रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर अहमद वाहिदी शामिल थे। भारत की ओर से बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन और विदेश मामलों की राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिता अंतिम संस्कार में शामिल हुए। अन्य विदेशी गणमान्य व्यक्तियों में रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव, चीन के वरिष्ठ प्रतिनिधि हे वेई, अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी और कई देशों के प्रतिनिधिमंडल शामिल थे। यह अंतिम संस्कार 28 फरवरी को इस्राएल और अमरीका के हवाई हमलों में खामेनेई की मृत्यु के बाद हो रहा है।

अंतिम संस्कार यात्रा अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगी और इस महीने की ६ तारीख को पवित्र शहर मशहद में उन्हे सुपर्द-ए-खाक किया जाएगा। इसके बाद 40 दिन तक सार्वजनिक शोक मनाया जाएगा।

# महम सहकारी चीनी मिल में सहकारिता सप्ताह पर पौधारोपण अभियान: पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

जीत समाचार हरियाणा। सहकारिता सप्ताह के उपलक्ष्य में महम सहकारी चीनी मिल परिसर में एक विशेष पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिल के प्रबंध निदेशक मुकुंद तंवर ने की। अभियान का शुभारंभ स्वयं पौधारोपण करके करते हुए प्रबंध निदेशक मुकुंद तंवर ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे न केवल अधिक से अधिक पौधे लगाएं, बल्कि उनके जीवित रहने तक उनकी नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित करें।

**वृक्ष हैं जीवन का आधार**

मुकुंद तंवर ने पर्यावरण के प्रति अपनी चिंता और जिम्मेदारी व्यक्त करते हुए कहा, वृक्ष हमारे जीवन का वास्तविक आधार हैं। आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु और एक हरित भविष्य प्रदान करने के लिए पर्यावरण संरक्षण अनिवार्य है।



सहकारिता का उद्देश्य केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और पर्यावरणीय दायित्वों के निर्वहन का भी एक सशक्त माध्यम है।

**अधिकारियों-कर्मचारियों ने लिया संकल्प**

इस अवसर पर मिल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि वे अपने दैनिक जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएंगे और उसके संरक्षण का पूरा ध्यान रखेंगे। कार्यक्रम के दौरान मिल परिसर को हरा-भरा बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के छायादार और फलदार पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर मिल के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय सहकारिता विभाग के प्रतिनिधि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



दैनिक समाचार पत्र
# जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com रविवार, 5 जुलाई 2026



संपादकीयः संपादक की कलम से

## मानसिक स्वास्थ्यः चुप्पी तोड़ने का समय आ गया है

शारीरिक बीमारी को हम तुरंत स्वीकार कर लेते हैं और डॉक्टर के पास भागते हैं, लेकिन मानसिक उलझनों को हम 'अंदरूनी कमजोरी' मानकर छिपाए रखते हैं। आधुनिक जीवन की प्रतिस्पर्धा और सामाजिक अपेक्षाओं ने तनाव, चिंता और अवसाद को एक महामारी की तरह फैला दिया है।

**विश्लेषणः** मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में आज भी एक शर्म की भावनामौजूद है। लोग मदद मांगने से डरते हैं क्योंकि उन्हें डर होता है कि समाज उन्हें 'कमजोर' या 'पागल' समझेगा। यह उपेक्षा अक्सर आत्महत्या या गंभीर मानसिक विकारों का कारण बनती है।स्वास्थ्य का अर्थ केवल बीमारी का न होना नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक संतुलन भी है।

**निष्कर्ष :** हमें एक ऐसा समाज बनाना होगा जहाँ मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात हो सके। स्कूलों, कॉलेजों और दफ्तरों में काउंसलर्स की उपलब्धता होनी चाहिए। मानसिक समस्या को भी सामान्य शारीरिक बीमारियों की तरह ही देखा जाना चाहिए, न कि चरित्र की कमजोरी के रूप में।

–कमल पवार




वैदिक ज्योतिष शास्त्र, वास्तु शास्त्र, अंक शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, लाल किताब, हस्त रेखा, जन्म कुण्डली विश्लेषण और रत्नों की जानकारी के लिए आप सम्पर्क कर सकते हैं.
पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
93186 82393, 70187 97214.
दिव्या दीप ज्योतिष कार्यालय
bawjiastrology@gmail-com

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

जय श्री गणेश
पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
दिनांक : 5 जुलाई 2026, रविवार

## आज का पंचांग

तिथि : तृतीया 11:23 नक्षत्र : श्रवण 11:47
करण : विष्टि 11:23 बव : 00:06
पक्ष : कृष्ण योग : विष्कुम्भ 04:59
सूर्योदय : 05:26 सूर्यास्त : 07:23
चन्द्रमा : मकर 00:49
राहुकाल : 10:40 – 12:25
विक्रमी संवतम् : 2083 शक सम्वत : 1948
मास अमांत : ज्येष्ठ मास पूर्णिमांत : आषाढ
शुभ मुहूर्त : अभीजित 11:57 – 12:52

## आज का राशिफल

### मेष राशि
जो भी करें, दिल से करें। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। लोगों से प्रोत्साहन मिलेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे।

### वृषभ राशि
कार्यस्थल पर जो लोग आप को पसंद नहीं करते थे, वे आप के कार्यों की तारीफ करेंगे।

### मिथुन राशि
तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। बेहतर होगा कहीं घूमने चले जायें। आपके अपनों को आप की जरूरत है

### कर्क राशि
अकारण किसी विवाद में फंस सकते हैं। मानसिकता को बदलने की बेहत जरूरत है।

### सिंह राशि
नौकरी बदलने का मन बना चुके हैं। किसी की सिफारिश से कार्य हो सकता है। संचित धन का निवेश लाभप्रद रहेगा।

### कन्या राशि
दिन की शुरुआत में मन उदास रहेगा। किसी विषय को समझने की जिज्ञासा रहेगी

### तुला राशि
विवादित मामलों में विजय प्राप्त होगी। कुछ नया सीखने को मिलेगा।

### वृश्चिक राशि
प्रतियोगिता में सफल होंगे। जीवनसाथी के साथ मतभेद संभव हैं। अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहें।

### धनु राशि
नकारात्मक सोच से निराशा मिलेगी। स्वयं अपने आप पर से नियंत्रण खो देंगे। मित्रों से मतभेद हो सकते हैं।

### मकर राशि
अपने प्रोफेशन से आप न खुश हैं, समय के साथ स्थिति आप के अनुकूल बनेगी। जीवनसाथी का व्यवहार मनोबल बढ़ायेगा।

### कुम्भ राशि
जरूरतमंद लोगों की मदद करें। मांगलिक कार्यक्रमों की रूपरेखा बनेगी। राजनेतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

### मीन राशि
घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे। विद्यार्थी परिणामों को लेकर चिंतित रहेंगे। मेहमानों का आगमन हो सकता है।

जीत समाचार TV
जीत सच्ची खबर की
जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम! जीत समाचार आपकी तीसरी आँख वन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की
मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# लुधियाना में एमएसएमई के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजितः रैम्प योजना के तहत मिली अहम जानकारियां

जीत समाचार लुधियाना। महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान, चंडीगढ़ और जिला उद्योग केंद्र, लुधियाना के सहयोग से आज यहां 'स्मॉल स्केल इंडस्ट्रियलिस्ट्स एंड ट्रेडर्स एसोसिएशन' के सदस्यों के लिए रैम्प योजना के तहत एक विशेष क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एमजीएसआईपीए के नोडल अधिकारी और एमडीसी के प्रोफेसर व प्रमुख डॉ. संजीव चड्ढा की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन डीआईसी, लुधियाना के महाप्रबंधक मिस्टर सुखमिंदर सिंह रेखी ने किया। उन्होंने एमएसएमई इकोसिस्टम को मजबूत करने और टिकाऊ औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने में विभिन्न सरकारी पहलों के महत्व पर जोर दिया।तकनीकी सत्रों के दौरान एमएसएमई के लिए प्रमुख सरकारी योजनाओं और नीतिगत पहलों पर ध्यान केंद्रित किया गया

पंजाब औद्योगिक विकास नीतिः कंसलटेंट श्रीमती दीपइंदर कौर ने इस नीति पर एक विस्तृत और जानकारीपूर्ण सत्र प्रस्तुत किया।

गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस पोर्टलः मिस्टर नीरज कुमार ने व्यापारियों को जीईएम पोर्टल की कार्यप्रणाली के बारे में समझाया।

क्लस्टर विकास योजनाः डॉ. जतिंदर कपूर ने इस योजना के तहत मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया।

इस मौके पर स्महल स्केल इंडस्ट्रियलिस्ट्स एंड ट्रेडर्स एसोसिएशन के महासचिव एस. गुरवंत सिंह ने भी मध्य एशियाई देशों में निर्यात प्रबंधन और एमएसएमई क्षेत्र के अवसरों, चुनौतियों व भविष्य की संभावनाओं पर अपने




बहुमूल्य विचार साझा किए।
इस पूरे आयोजन को एमजीएसआईपीए की टीम, जिसमें डॉ. मंजुला वर्मा, मिस्टर संकेत जैन और मिस्टर सौरव शामिल थे, ने सफलतापूर्वक कॉर्डिनेट किया।

# हेल्थ मिनिस्टर ने पटियाला में रोबोटिक-असिस्टेड ऑर्थोपेडिक सर्जरी टेक्नोलॉजी लॉन्च की

जीत समाचार पटियाला। पंजाब सरकार की तरफ से राज्य के लोगों को वर्ल्ड-क्लास हेल्थ सर्विस देने की दिशा में एक और अहम कदम उठाते हुए, पंजाब के हेल्थ और फैमिली वेलफेयर मिनिस्टर डॉ. बलबीर सिंह ने आज पटियाला में ऑर्थोपेडिक इलाज के लिए स्टेट-ऑफ-द-आर्ट रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी टेक्नोलॉजी लॉन्च की। इस मौके पर सिविल सर्जन पटियाला डॉ. शैली जेटली भी खास तौर पर मौजूद थीं।इस मौके पर बोलते हुए, डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार लोगों को मॉडर्न, क्वालिटी और सस्ती हेल्थ सर्विस देने के लिए पूरी तरह से कमिटेड है। उन्होंने कहा कि हेल्थ सेक्टर में नई टेक्नोलहजी अपनाना समय की जरूरत है और रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी इस दिशा में एक बड़ी कामयाबी है। हेल्थ मिनिस्टर ने कहा कि रोबोटिक टेक्नोलहजी की मदद से की जाने वाली ऑर्थोपेडिक सर्जरी पहले के मुकाबले ज़्यादा सटीकता, सुरक्षा और कामयाबी के साथ की जा सकती हैं। इस टेक्नोलॉजी से ऑपरेशन के बाद मरीज को दर्द भी कम होता है। इसके साथ ही मरीज जल्दी ठीक होता है, जिससे वह जल्दी नहर्मल जिंदगी में लौट सकता है।

हेल्थ मिनिस्टर ने कहा कि लोगों में यह सोच है कि रोबोटिक सर्जरी बहुत महंगी होती है, लेकिन ऐसा जरूरी नहीं है। इस टेक्नोलॉजी का मकसद मरीजों को बेहतर इलाज और तेजी से रिकवरी देना है। उन्होंने भरोसा जताया कि इस सुविधा से पटियाला और आस-पास के इलाकों के लोगों को बहुत फायदा होगा और उन्हें ऐसे इलाज के लिए दूसरे बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा।




डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि पटियाला हेल्थ सर्विसेज का एक अहम सेंटर बन रहा है और इस नई सुविधा से हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और आस-पास के दूसरे राज्यों के मरीजों को भी हाई-क्वालिटी इलाज का फायदा मिलेगा। इससे न सिर्फ इलाके का हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा, बल्कि पंजाब मॉडर्न मेडिकल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बनाएगा।

इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. शैली जेटली ने कहा कि रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी टेक्नोलॉजी हेल्थ सेक्टर में एक नया चौप्टर साबित होगी। उन्होंने कहा कि इससे मरीजों को सुरक्षित, भरोसेमंद और हाई-क्वालिटी हेल्थ सर्विसेज मिलेंगी। इस इवेंट में हेल्थ डिपार्टमेंट के अधिकारी, डॉक्टर और दूसरी जानी-मानी हस्तियां भी शामिल हुईं। वहां मौजूद मेहमानों ने इस पहल को पंजाब की हेल्थ सर्विसेज में एक ऐतिहासिक और मील का पत्थर बताया और कहा कि ऐसी मॉडर्न सुविधाओं से लोगों का इलाज और भी असरदार और आसान हो जाएगा।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

## ऑफिस ऑफ डिस्ट्रिक्ट पब्लिक रिलेशन्स ऑफिसर, अमृतसर

# किसानों को मशरूम प्रोडक्शन यूनिट लगाने के लिए 80 हजार रुपये तक की सब्सिडी मिल सकती है: चेयरमैन बराड़



जीत समाचार अमृतसर। मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार किसानों को पारंपरिक खेती से बागवानी की ओर प्रेरित करने और उनकी आमदनी बढ़ाने के लिए बहुत ईमानदारी से काम कर रही है। इसी मकसद के तहत, बागवानी विभाग, पंजाब स्टेट प्लान स्कीम के तहत मशरूम प्रोडक्शन यूनिट लगाने के लिए किसानों को 80 हजार रुपये तक की सब्सिडी दे रहा है।इस बारे में जानकारी देते हुए पीयूएनएसयूपी के चेयरमैन प्रभबीर सिंह बराड़ ने बताया कि किसान लगभग 2 लाख रुपये की लागत से एक छोटी मशरूम प्रोडक्शन यूनिट लगा सकते हैं, जिस पर बागवानी विभाग 40 प्रतिशत सब्सिडी देता है, जो ज़्यादा से ज़्यादा 80 हजार रुपये तक हो सकती है। उन्होंने कहा कि मशरूम की खेती कम जमीन और बहुत कम पानी के इस्तेमाल से की जा सकती है। उन्होंने कहा कि इस कम लागत वाली खेती से अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि करीब 1800 जि एरिया में एक छोटी मशरूम यूनिट लगाई जा सकती है, इसलिए छोटे किसान भी इस स्कीम का फायदा उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार बागवानी सेक्टर को और बढ़ावा देने और किसानों की इनकम बढ़ाने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रही है। सब्सिडी पाने के प्रोसेस के बारे में जानकारी देते हुए चेयरमैन प्रभबीर सिंह बराड़ ने कहा कि इस स्कीम का फायदा उठाने के इच्छुक किसान अपने नजदीकी डिस्ट्रिक्ट हॉर्टिकल्चर ऑफिसर से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बागवानी विभाग किसानों को मशरूम प्रोडक्शन के बारे में टेक्निकल सलाह, ट्रेनिंग और हर मुमकिन जानकारी भी दे रहा है।

# पंजाब कांग्रेस की अंतर्कलह पर भाजपा का तंज: तरुण चुघ बोले- 'टुकड़े-टुकड़े गैंग के साथ चलते-चलते कांग्रेस खुद टुकड़ों में बंटी'



जीत समाचार जालंधर। पंजाब कांग्रेस में हालिया संगठनात्मक बदलावों के बाद मची हलचल अब खुलकर सामने आ गई है। पार्टी की आंतरिक खींचतान को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद तरुण चुघ ने कांग्रेस की स्थिति को दयनीय बताते हुए कहा कि 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' का समर्थन करने वाली कांग्रेस अब खुद टुकड़ों में बिखर चुकी है।

'संगठन पूरी तरह बिखरा': तरुण चुघ ने पंजाब कांग्रेस की मौजूदा स्थिति पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस का संगठन पूरी तरह से तितर-बितर हो चुका है। उन्होंने कहा, जो पार्टी वर्षों से देश विरोधी नैरेटिव चलाने वाले 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' की राजनीति को खाद-पानी देती रही, आज कुदरत का न्याय देखिए कि वही पार्टी खुद टुकड़ों में बंटती नजर आ रही है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस नेताओं के बीच आपसी विश्वास पूरी तरह खत्म हो चुका है और हर कोई केवल अपनी राजनीतिक जमीन बचाने की जद्दोजहद में जुटा है।

'नेतृत्व का संकट गहराया': चुघ ने कांग्रेस में जारी नेतृत्व संकट पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बाहर से एकजुटता का ढोंग करने वाले नेता अंदरखाने सत्ता और पदों की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि पंजाब की जनता कांग्रेस की इस आपसी कलह को भली-भांति देख रही है और आने वाले चुनावों में इसका खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ेगा। चुघ के अनुसार, कांग्रेस अब जनहित के मुद्दों से पूरी तरह भटक चुकी है, जबकि भाजपा राज्य में विकास और सुशासन के एजेंडे के साथ आगे बढ़ रही है।

क्या है पूरा मामला?: हाल ही में कांग्रेस हाईकमान ने पंजाब इकाई में बड़े फेरबदल की घोषणा की थी, जिसमें अमरिंदर सिंह राजा वडिंग को प्रदेश अध्यक्ष पद पर बरकरार रखा गया, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को चुनाव प्रचार समिति का अध्यक्ष बनाया गया। हाईकमान के इस निर्णय के तुरंत बाद चरणजीत सिंह चन्नी के आवास पर वरिष्ठ नेताओं की एक बड़ी बैठक हुई, जिसमें कई नेताओं ने खुलकर नेतृत्व परिवर्तन की मांग की है।

इस बैठक के बाद से पंजाब कांग्रेस में श्कांग्रेस बनाम कांग्रेसश की स्थिति पैदा हो गई है, जिससे राज्य की राजनीति में नया उबाल आ गया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह शक्ति प्रदर्शन 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले मुख्यमंत्री पद की दावेदारी और वर्चस्व की लड़ाई का परिणाम है।






# बिलासपुरः एम.कॉम. छात्रों को गलत विषय पढ़ाने का मामलाय एबीवीपी ने राज्यपाल और सीएम को सौंपा ज्ञपन

## छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ पर भड़का एबीवीपी: दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और विशेष राहत की मांग




जीत समाचार बिलासपुर (ब्यूरों)। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में एम.कॉम. द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ का मामला सामने आया है। यहाँ पूरे सेमेस्टर छात्रों को निर्धारित पाठ्यक्रम के बजाय गलत विषय पढ़ाया गया। इस गंभीर शैक्षणिक लापरवाही के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) बिलासपुर इकाई ने मोर्चा खोल दिया है।

एबीवीपी के जिला संयोजक देवार्य टाडू के नेतृत्व में परिषद के कार्यकर्ताओं ने जिलाधीश के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन भेजकर इस पूरे प्रकरण में तत्काल उच्च स्तरीय जांच और कार्रवाई की मांग की है।

**परीक्षा के दौरान हुआ खुलासा, छात्रों का सत्र संकट में :** एबीवीपी ने अपने ज्ञापन में स्पष्ट किया है कि छात्रों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सिलेबस के स्थान पर पूरा सेमेस्टर कोई और विषय पढ़ाया गया। इस भारी चूक का पता तब चला जब छात्र परीक्षा देने पहुंचे। इस लापरवाही ने एम.कॉम. द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के पूरे शैक्षणिक सत्र को अधर में लटका दिया है। परिषद का आरोप है कि यह घटना महाविद्यालय प्रशासन और संबंधित शैक्षणिक अधिकारियों की घोर लापरवाही और कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े करती है।

**दोषियों पर कार्रवाई और राहत की मांग :** जिला संयोजक देवार्य टाडू ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा, "छात्रों के भविष्य के साथ इस तरह का खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम मांग करते हैं कि मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए"। साथ ही, परिषद ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित विद्यार्थियों के हितों की रक्षा के लिए विशेष व्यवस्था की जाए ताकि किसी भी छात्र का एक साल बर्बाद न हो।

**आंदोलन की चेतावनी :** एबीवीपी ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही छात्रों के हित में कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया, तो वे पूरे प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में होने वाले किसी भी विवाद या आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी सरकार, विश्वविद्यालय प्रशासन और कहलेज प्रबंधन की होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान विभाग संयोजिका वैष्णवी, जिला छात्रा प्रमुख रितिका, शिवांश, आयुष, प्रिंस, शिवांश शर्मा, जसप्रीत, कर्ण, अखिल, सौम्य, लक्ष्य, आगमन, आकाश, उपलक्ष्य सहित एबीवीपी के कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत चढ़ियार की प्रथम बैठक संपन्न: विकास और जनसेवा का लिया संकल्प



जीत समाचार चढ़ियार(अभिषेक)। ग्राम पंचायत चढ़ियार की प्रथम बैठक आज सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में पंचायत के विकास कार्यों को गति देने और जनहित से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए एक ठोस कार्ययोजना तैयार की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए माननीय प्रधान ने सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। इस अवसर पर उपप्रधान, वार्ड पंचगण और पंचायत सचिव विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में पंचायत क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए आगामी प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

**पारदर्शिता और विकास पर जोर**

बैठक के दौरान सभी जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में पंचायत में पारदर्शिता बनाए रखने और जनसेवा के प्रति पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। प्रधान जी ने कहा कि ग्राम पंचायत चढ़ियार को विकास, स्वच्छता, सुशासन और समृद्धि के मामले में एक आदर्श पंचायत बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

पंचायत सचिव ने विकास कार्यों के लिए तय की गई आगामी कार्ययोजना की रूपरेखा जनप्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुत की। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने एकजुट होकर क्षेत्र के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आश्वासन दिया।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना तथा अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारणअधिनियम 1989 के अन्तर्गत एक जागरूकता शिविर का आयोजन



जीत समाचार कुल्लू (ब्यूरों)। सामाजिक न्याय एवम् अधिकारिता विभाग द्वारा ग्राम पंचायत शिल्हीराज गिरि के दोहरानाला में "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना तथा अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारणअधिनियम 1989 के अन्तर्गत एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुल्लू के सचिव विशाल तिवारी ने की। उन्होंने कहा कि आधुनिक समाज में पुरानी रूढ़ियों क लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। उन्होने कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रावधान एक समरस समाज के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इस अवसर पर नवजात बेटियों को उपहार भी वितरित किए गए तथा एक बूटा बेटी के नाम से पौधारोपण भी किया गया।

आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ० स्मृति ने प्रसव-पूर्व लिंग जांच अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों पर प्रकाश डाला। भूंतर पुलिस थाना के सहायक उप-निरीक्षक हंसराज ने कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत की जाने वाली शिकायतों को पुलिस ने तत्परता, संवेदनशीलता व निष्पक्षता से निष्पादन करती है।

तहसील कल्याण अधिकारी कुल्ल सुरेश कौण्डल ने जानकारी दी कि अनसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत पीड़ित व्यक्तिओं को विभाग द्वारा उचित मुआवजा प्रदान किया जाता है। बाल विकास परियोजना अधिकारी कुल्लू गजेन्दर ठाकुर ने बताया कि बेटी बचाआ बेटी पढाओ योजना के अंतर्गत मेधावी छात्राआ को पुरस्कृत किया जा रहा है तथा आत्मरक्षा शिविरों का भी आयोजन किया जा रहा है। उन्होने महिला एवम् बाल विकास द्वारा संचालित की जाने वाली विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी।

कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य निशा ठाकुर, ग्राम पंचायत शिल्हीराजगिरी की प्रधान चन्दी देवी, उप-प्रधान नरेश कुमार, पर्यवेक्षक नरेश कोंडल व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही। इस अवसर पर प्रयास संस्था व एन०एच०पी०सी० के सांसद मोबाइल सेवा के अन्तर्गत एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें निशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

# शेर-ए-कश्मीर यूनिवर्सिटी हादसाः एम.बी.बी.एस. अंतिम वर्ष के छात्र प्रिंस डोगरा का निधन,गांव में छाया मातम



जीत समाचार जयसिंहपुर/तिनबड़ (अभिषेक)। जम्मू में हुए एक भीषण सड़क हादसे में हिमाचल प्रदेश के जयसिंहपुर (तिनबड़-पड़मन) क्षेत्र ने अपना एक होनहार बेटा खो दिया है। आर एसपुरा में बाइक-रेहड़ी की टक्कर में गंभीर रूप से घायल हुए शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय जम्मू के छात्र प्रिंस डोगरा (24) ने शुक्रवार सुबह जीएमसी जम्मू में उपचार के दौरान अंतिम सांस ली।

पिता का सपना रह गया अधूरा : प्रिंस डोगरा की असामयिक मृत्यु ने उनके परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। प्रिंस के पिता, जो कड़ी मेहनत और दिहाड़ी मजदूरी करके अपने बेटे को डॉक्टर बनाने का सपना संजोए हुए थे, आज पूरी तरह टूट चुके हैं। प्रिंस अपनी डिग्री पूरी करने के बेहद करीब थे, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। उनके परिवार में माता, एक ग्रेजुएट बहन और बुजुर्ग दादा-दादी हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है।

सेहरा बांधकर दी अंतिम विदाई : शनिवार को उनके पैतृक गांव पड़मन में प्रिंस को जब अंतिम विदाई दी गई, तो हर किसी की आंखें नम थीं। परिजनों ने प्रिंस को दूल्हे की तरह सेहरा बांधकर मोक्षधाम शांतिवन डोडनबल्ली पहुंचाया, जहाँ सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में उनका अंतिम संस्कार किया गया। कुंवारे बेटे की अर्थी को सेहरा पहने देख गांव में सन्नाटा पसर गया।

क्या था मामला?: ज्ञात रहे कि 22–23 जून की रात आर एसपुरा जम्मू के बग्गा मढ़ के समीप एक भीषण दुर्घटना में प्रिंस समेत चार छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसी हादसे में उनके साथी अभिमन्यु सिंह परमार की मौके पर ही मौत हो गई थी। प्रिंस लगभग 12 दिनों तक जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष करते रहे, लेकिन अंततः वे जिंदगी की जंग हार गए।

इस दुखद घड़ी में पूरा क्षेत्र शोक में डूबा है। श्जीत समाचारश टीम ईश्वर से प्रार्थना करती है कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। ॐ शांति!

# शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने देयोरी स्कूल के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण, कई विकास कार्यों की रखी आधारशिला

जीत समाचार मंडी (ब्यूरो)। हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शनिवार को मंडी जिले के देयोरी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। वर्ष 2023 की प्राकृतिक आपदा में विद्यालय का भवन गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके बाद इसका पुनर्निर्माण किया गया।

उल्लेखनीय है कि विद्यालय के नए भवन का शिलान्यास प्रियंका गांधी वाड्रा ने किया था। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद शिक्षा मंत्री ने भवन का लोकार्पण कर इसे विद्यार्थियों एवं क्षेत्रवासियों को समर्पित किया।

अपने दौरे के दौरान शिक्षा मंत्री ने देयोरी स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला के नवनिर्मित कमरों का भी उद्घाटन किया। इसके अलावा उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बठेरी, राजकीय प्राथमिक पाठशाला कोटाधार (ग्राम पंचायत सेगली) तथा राजकीय



प्राथमिक पाठशाला सुहरा के नए भवनों की आधारशिला रखी।

श्री ठाकुर ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला तांबाग तथा राजकीय उच्च पाठशाला तरस्वाण के नवनिर्मित भवनों का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम के बाद उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट की तथा क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित शिक्षण संस्थानों का पुनर्निर्माण सरकार की प्राथमिकता है, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई बिना किसी बाधा के सुचारु रूप से जारी रह सके।

इस अवसर पर एपीएमसी मंडी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जीवन ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस महासचिव दीपक शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष चंपा ठाकुर, जिला कांग्रेस महासचिव योगेश पटियाल, ब्लहक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हेम राज वर्मा, युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष तरुण ठाकुर, आश्रय शर्मा, एएसपी अभिमन्यु वर्मा, एससी पीडब्ल्यूडी विनोद शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# देहरा पुलिस का कूरियर केंद्रों पर औचक निरीक्षण, नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने को कसी कमर



जीत समाचार देहरा। 'नशा मुक्त हिमाचल' अभियान को गति देते हुए पुलिस जिला देहरा ने कूरियर केंद्रों के खिलाफ एक विशेष सघन अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत पुलिस ने देहरा के विभिन्न थाना क्षेत्रों में संचालित 14 कूरियर सेवा केंद्रों की संयुक्त रूप से जांच की।

विशेष टीम के साथ की गई तलाशी पुलिस प्रशासन ने इस निरीक्षण को प्रभावी बनाने के लिए एसटीएफ और नारकोटिक डॉग स्क्वॉड की विशेष सहायता ली। अभियान के दौरान कूरियर बुकिंग और डिलीवरी की पूरी प्रक्रिया को बारीकी से परखा गया। डहग स्क्वॉड की मदद से सभी केंद्रों के परिसरों और वहां रखे सामान की गहन तलाशी ली गई, साथ ही सभी केंद्रों के रिकॉर्ड और रजिस्टरों का भी सत्यापन किया गया।

किसी भी केंद्र से नहीं मिली संदिग्ध वस्तु : देहरा पुलिस की इस कार्रवाई में राहत की बात यह रही कि किसी भी कूरियर केंद्र से कोई मादक पदार्थ या प्रतिबंधित सामग्री बरामद नहीं हुई। जांच के दौरान सभी केंद्रों के रिकहर्ड नियमानुसार और पूरी तरह अद्यतन (अपडेटेड) पाए गए।

संचालकों को किया जागरूक : निरीक्षण के साथ-साथ पुलिस ने कूरियर संचालकों और कर्मचारियों को 'एंटी चिट्टा अभियान' के तहत जागरूक भी किया। पुलिस टीम ने उन्हें नशे के घातक दुष्प्रभावों के बारे में बताया और अवैध तस्करी से जुड़े कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया। संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे संदिग्ध पार्सल या गतिविधियों पर नजर रखें और इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि वे इस नशा विरोधी अभियान में अपना सहयोग दें। यदि कहीं भी कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करें। प्रशासन का साफ कहना है कि नशा तस्करी को रोकने के लिए आने वाले दिनों में भी ऐसी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# अमरोह और चंबोह में बताई एससी वर्ग की कल्याणकारी योजनाएं

## सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संबद्ध लोक कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक और गीत-संगीत के माध्यम से दी जानकारी



जीत समाचार भोरंज (ब्यूरो)। अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के कल्याण एवं उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने विशेष अभियान आरंभ किया है। इस अभियान के तहत विभाग से संबद्ध सांस्कृतिक दलों के लोक कलाकार नुक्कड़ नाटक और लोक गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं।

इसी कड़ी में विभाग से संबद्ध साहिल म्यूजिकल ग्रुप के लोक कलाकारों ने शनिवार को भोरंज की ग्राम पंचायत अमरोह और चंबोह में जागरुकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

साहिल म्यूजिकल ग्रुप के प्रभारी शिवदयाल और अन्य लोक कलाकारों ने स्थानीय पहाड़ी बोली में लोगों को प्रदेश सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया तथा इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।